**कार्यालय तहसीलदार धारचूला।**

संख्या 186/क्षतिपूरक वृक्षारोपण/तांकुल जल विद्युत परि0/20–21, दि0 22.09.2020

सेवा में,

जिलाधिकारी
पिथौरागढ ।

**विषय–** **तांकुल जल विद्युत परियोजना के क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि प्रस्तावित तांकुल जल विद्युत परियोजना हेतु पूर्व में 9.397 हे0 भूमि के दोगुने अर्थात् 18.794 हे0 या 19 हे0 भूमि का चयन कर प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया था। भारत सरकार के पत्र संख्या 49th मीटिंग रिजनल इम्पावर्ड कमेटी (उत्तरी क्षेत्र) देहरादून दिनांक 26 अगस्त 2020 द्वारा चयनित भूमि वृक्षारोपण हेतु 19 हे0 मध्ये 05 हे0 भूमि एम0डी0एफ0 क्षेत्र में आने से अन्यत्र सिविल भूमि चयन कर प्रस्तुत करने का कहा गया है।

महोदय उक्त के अनुपालन में ग्राम सिर्दांग के श्रेणी 9 (3)ड ब0का0आ0 की 05 हे0 भूमि के प्रस्ताव वन भूमि में क्षति पूरक वृक्षारोपण हेतु तैयार कर प्रेषित किये जा रहे हैं। कृपया अग्रिम कार्यवाही हेतु प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा करेगें।

संलग्न – उक्तानुसार

तहसीलदार,
धारचूला ।

तहसीलदार
धारचूला

प्रतिलिपि–

1– उप जिलाधिकारी महोदय धारचूला को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– सहायक अभियन्ता (बै0/यां0 ) यू0जे0वी0एन0 लिमिटेड जिला पिथौरागढ को पत्र सं0 45/यू0जे0वी0एन0/तांकुल परि0 क्षतिपूरक वृक्षा0 दिनांक 21.09.2020 के क्रम में सूचनार्थ।

तहसीलदार,
धारचूला ।